आकाशवाणी भोपाल
आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार
दिनांक : 26.01.2025    समय : 07.10PM

मुख्य समाचार...

- हर्षोल्लास से मनाया गया 76वां गणतंत्र दिवस, कर्तव्य पथ पर "स्वर्णिम भारत: विरासत और विकास" विषय पर आधारित 31 झांकियों ने लिया हिस्सा।
- राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने नागरिकों से देश को सशक्त और समृद्ध बनाने में सर्वश्रेष्ठ योगदान देने की अपील की।
- मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा- सिंहस्थ-2028 को वैश्विक आयोजन बनाया जाएगा।
- अंडर-19 महिला टी-ट्वेंटी विश्वकप क्रिकेट में भारत ने बांग्लादेश को 8 विकेट से हराया।

गणतंत्र दिवस

76वां गणतंत्र दिवस आज हर्षो उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नई दिल्ली में कर्तव्य-पथ पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने ध्वजारोहण किया। इससे पहले, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय समर स्मारक जाकर राष्ट्र के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की। आज की परेड में देश की सभ्यता, संस्कृति और वैज्ञानिक प्रगति को दर्शाने वाली 31 मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की गईं, जिनका मुख्य विषय था- स्वर्णिम भारत, विरासत और विकास। यहां मध्यप्रदेश की झांकी में 'चीता पुनर्वास परियोजना' की झलक दिखी।

AMB- झांकी

समारोह के दौरान हैलिकॉप्टरों ने ध्वज की आकृति में पुष्पवर्षा की। झांकियों में टी-90 टैंक, नाग मिसाइल प्रणाली, ब्रह्मोस, पिनाका रॉकेट सिस्टम, अग्निबाण रॉकेट लॉन्चर, आकाश शस्त्र प्रणाली, युद्ध क्षेत्र निगरानी प्रणाली, बारामासी वाहन चेतक और हल्के वाहन बजरंग का प्रदर्शन किया गया। पहली बार, परेड में सेना के तीनों अंगों ने साझा शक्ति का प्रदर्शन किया।

गणतंत्र दिवस-प्रदेश

प्रदेश में भी गणतंत्र दिवस गरिमामयी तरीके से मनाया गया। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने भोपाल में राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में ध्वज फहराया। श्री पटेल ने नागरिकों से देश को सशक्त और समृद्ध बनाने में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने की अपील की। विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने मुरैना में तिरंगा लहराया। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इंदौर में तिरंगा फहराने के बाद अपने संबोधन में कहा कि मध्यप्रदेश में उद्योग के विभिन्न क्षेत्रों में

निवेश प्राप्त होने से अर्थव्यवस्था को संबल मिला है। उन्होंने कहा कि युवाओं को बड़ी संख्या में रोजगार का मार्ग प्रशस्त हुआ है। उन्होंने कहा कि सिंहस्थ-2028 को वैश्विक आयोजन बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिप्रा का जल निर्मल और प्रवाहमान रहेगा। इसके लिए विभिन्न परियोजनाओं का क्रियान्वयन चल रहा है।

कट/डॉ.मोहन यादव, मुख्यमंत्री

जिला मुख्यालयों पर भी गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। रतलाम में प्रदेश के सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य काश्यप ने ध्वजारोहणकर कर परेड की सलामी ली। बैतूल में मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने सरकारी स्कूल में बच्चों के साथ भोजन किया।

देवास जिला मुख्यालय पर आयोजित मुख्य समारोह में उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा ने झण्डा वंदन कर परेड की सलामी ली। रीवा में उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। नीमच में प्रभारी मंत्री निर्मला भूरिया ने सीएम राइज विद्यालय में बच्चों के साथ भोजन किया। जबलपुर में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने पुलिस लाइन परेड ग्राउंड पर आयोजित समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड का निरीक्षण किया। ग्वालियर में जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने झंडा वंदन किया। शिवपुरी में ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि क रूप में शामिल हुए। सतना और मैहर जिले में गणतंत्र दिवस का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य समारोह में प्रदेश की नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। शहडोल जिले में गणतंत्र दिवस उत्साह से मनाया जा रहा है। कलेक्टर केदार सिंह ने राष्ट्रध्वज फहराया और शानदार परेड की सलामी ली। मुख्यमंत्री के संदेश वाचन के बाद शांति के प्रतीक सफेद कबूतर खुले आसमान में छोड़े गए। नर्मदापुरम में कलेक्टर सोनिया मीना ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया और परेड की सलामी ली।

आगरमालवा जिला मुख्यालय के पुलिस परेड ग्राउंड पर आयोजित हुए गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह मे कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। खंडवा,खरगोन, छतरपुर और गुना में भी जिला कलेक्टरों ने परेड की सलामी ली।

लोकरंग

40वें लोकोत्सव 'लोकरंग' का आगाज आज से भोपाल के रविंद्र भवन में हुआ। 30 जनवरी तक चलने वाले इस आयोजन का शुभारंभ राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने किया। शुभारंभ अवसर पर वीरांगना रानी दुर्गावती नृत्य-नाट्य की प्रस्तुति दी जा रही है। जिसमें सूत्रधार ख्यात कलाकार मुकेश तिवारी हैं। कल लोकरंग के चालीस वर्षों की यात्रा का चालीस वाद्यों की संगति में नाद समन्वित प्रस्तुति भी दी जायेगी, जिसका निर्देशन सितार

वादिका स्मिता नागदेव कर रही हैं। लोकवार्ता में संस्कृति विभाग के प्रकाशन, परम्परा में वाद्य विषयक संगोष्ठी भी आयोजित होगी। समारोह के अंतिम दिन 30 जनवरी को महात्मा गाँधी की पुण्यतिथि के अवसर पर माधवास रॉक बैंड, वृंदावन की भक्ति संगीत की प्रस्तुति देंगे।

विद्यार्थी संवाद

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह के बाद इंदौर के शासकीय उत्कृष्ट बाल विनय मंदिर विद्यालय में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में आयोजित मध्यान्ह भोजन के विशेष भोज कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने स्कूली बच्चों के साथ बैठकर भोजन किया। मुख्यमंत्री ने स्कूली बच्चों को उपहार स्वरूप स्कूली बैग, पानी बॉटल आदि वितरित कीं। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि एक शासकीय स्कूल में विज्ञान के प्रति कल्पनाशीलता के आधार पर जो हो सकता है, वह सभी इस स्कूल में देखकर अत्यंत प्रसन्नता हुई। उन्होंने कहा कि जीवन में ज्यादा से ज्यादा सीखें और ज्ञान अर्जित करें।

पद्मश्री-धन्यवाद

हाल में घोषित पद्म पुरस्कारों में इंदौर के महू निवासी भेरू सिंह चौहान को पद्मश्री से नवाजा गया है। श्री चौहान ने इसके लिए भारत सरकार का धन्यवाद देते हुए कहा कि परिवार में खुशी का माहौल है। उन्होंने कहा कि वे आगे भी अपने कबीर गायकी के कार्य को जारी रखेंगे।

क्रिकेट-अंडर 19 महिला

कुआलालंपुर में आईसीसी अंडर-19 महिला टी-ट्वेंटी विश्वकप क्रिकेट में भारत ने बांग्लादेश को 8 विकेट से हरा दिया। बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत को 65 रन का लक्ष्य दिया। भारत ने आठवें ओवर में दो विकेट खोकर 66 रन बना लिये। भारत के लिए वैष्णवी शर्मा ने तीन विकेट लिये।

भारत अब तक के अपने तीनों मैच जीतकर ग्रुप-ए में शीर्ष पर है।

संक्षिप्त समाचार

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल में आयोजित 'बौद्ध महोत्सव' में सहभागिता की
- नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने आज श्योपुर में जिला पंचायत में 15वे वित्त की राशि से नव निर्मित कॉन्फ्रेस हॉल का लोकार्पण किया गया।
- गणतंत्र दिवस के अवसर आकाशवाणी भोपाल में उप महानिदेशक यशवंत चिवंडे और सीसीडब्ल्यू कार्यालय में त्रिलोकनाथ शर्मा ने झंडा फहराया।
- अंत में इस बुलेटिन के मुख्य समाचार एक बार फिर...
- हर्षोल्लास से मनाया गया 76वां गणतंत्र दिवस, कर्तव्य पथ पर "स्वर्णिम भारत:

विरासत और विकास” विषय पर आधारित 31 झांकियों ने लिया हिस्सा।

- राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने नागरिकों से देश को सशक्त और समृद्ध बनाने में सर्वश्रेष्ठ योगदान देने की अपील की।
- मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा- सिंहस्थ-2028 को वैश्विक आयोजन बनाया जाएगा।
- अंडर-19 महिला टी-ट्वेंटी विश्वकप क्रिकेट में भारत ने बांग्लादेश को 8 विकेट से हराया।